# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 11.10.2025 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों को दी बड़ी सौगात, पीएम धन–धान्य कृषि योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का किया शुभारंभ।**
2. **पश्चिमी सिंहभूम में नक्सलियों के आईईडी विस्फोट में घायल सीआरपीएफ जवान शहीद, आज रांची स्थित सीआरपीएफ कैंप में दी जायेगी अंतिम सलामी।**
3. **दुमका जिला प्रशासन के दो अभिनव पहलों को राष्ट्रीय स्तर पर मिली सराहना, नीति आयोग ने यूज केस चैलेंज अवार्ड से किया सम्मानित।**
4. **डाक विभाग ने प्रख्यात समाजसेवी सीताराम मारु के जन्म शताब्दी पर जारी किया स्मारक डाक टिकट, राज्यपाल ने समाजसेवा में उनके योगदान को सराहा।**
5. **खेलो झारखंड के तहत आज से रांची में हॉकी और तीरंदाजी की राज्यस्तरीय प्रतियोगिता, वुशु और तैराकी स्पर्द्धा में रांची चैंपियन, ताइक्वांडों में हजारीबाग विजेता।**

*********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में एक विशेष कृषि कार्यक्रम में कृषि और इससे जुडे क्षेत्रों में 42 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं और योजनाओं का शुभारंभ, लोकार्पण और शिलान्यास किया। श्री मोदी ने 35 हजार करोड़ रूपये से अधिक की लागत वाली कृषि क्षेत्र की दो प्रमुख पहलों, प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना और दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्री मोदी ने कहा कि देश की कृषि व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सरकार लगातार कदम उठा रही है।

*********************

सरायकेला खरसावां जिले के हाथिमाड़ा गांव में प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना के तहत मछली पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। केन्द्र सरकार द्वारा इस योजना के अंतर्गत मछली पालन के साथ–साथ इको–टूरिज्म को भी प्रोत्साहन देने का निर्णय लिया गया है। लगभग 3 करोड़ 68 लाख रुपये की लागत से यह परियोजना शुरू की जा रही है, जिसका कार्य सुबीर नेचुरल फिशिंग एंड इको टूरिज्म कंपनी द्वारा कराया जा रहा है। कंपनी की निदेशक ज्योति बाला ने बताया कि इस योजना से सैकडों परिवारों को रोजगार मिलने वाली है।

*********************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में घायल सीआरपीएफ हेड कांस्टेबल महेंद्र लश्कर शहीद हो गये हैं। यह घटना कल रात उस समय हुई जब सुरक्षा बल सारंडा के घने जंगलों में नक्सल विरोधी अभियान चला रहे थे। हमले में सीआरपीएफ के इंस्पेक्टर कौशल कुमार मिश्रा और सब इंस्पेक्टर रामचंद्र गोगी भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। शहीद जवान का पार्थिव शरीर रांची लाया जा रहा है, जहां पोस्टमार्टम के बाद उन्हें सीआरपीएफ कैंप में अंतिम सलामी दी जाएगी। हेड कांस्टेबल महेंद्र लश्कर असम के नौगांव जिले के रहने वाले थे।

*********************

दुमका जिला प्रशासन के दो अभिनव पहल–दीदी की दुकान और 24 गुणा 7 ऑनलाइन शिक्षा समर्थन को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली है। इन दो नवाचारों के लिए दुमका के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा को नीति आयोग ने मसूरी में यूज केस चौलेंज अवार्ड से सम्मानित किया। दीदी की दुकान पहल के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को स्वरोज़गार से जोड़ा गया है, जिससे न केवल आर्थिक सशक्तिकरण हुआ है बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में भी उन्हें प्रेरित किया गया है। वहीं, 24 गुणा 7 ऑनलाइन शिक्षा समर्थन पहल ने दुमका जिले के छात्रों को डिजिटल माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

*********************

विधानसभा की युवा कल्याण, संस्कृति एवं पर्यटन विकास समिति ने सभापति सह इचागढ़ की विधायक सबिता महतो की अध्यक्षता में धनबाद में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान समिति की सदस्य सह विधायक झरिया रागिनी सिंह भी उपस्थित थीं। सभापति ने विभिन्न योजनाओं को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

*********************

प्रख्यात समाज सेवी दिवंगत सीताराम मारू के जन्म शताब्दी के अवसर पर डाक विभाग की ओर से आज स्मारक डाक टिकट जारी किया गया। राजभवन में आयोजित एक समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने डाक टिकट जारी करते हुए समाजसेवा के क्षेत्र में सीताराम मारु के योगदान की सराहना की।

कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, डाक विभाग के निदेशक रामविलास चौधरी सहित सीताराम मारू के परिवार के लोग मौजूद रहे।

**********************

गोड्डा जिले के महगामा के केंचुआ चौक की नहर की सफाई के साथ किसानों के खेतों तक सिंचाई की व्यवस्था उपलब्ध कराने को लेकर राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने पहल की है। इस सिलसिले में महगामा नगर पंचायत की ओर से नहर की सफाई शुरू की गयी है। मौके पर मंत्री ने नागरिकों से अपील की कि वे अपने घरों का कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें और नहर को प्रदूषित होने से बचाएं।

**********************

कल्याण विभाग द्वारा संचालित गोड्डा कॉलेज के हॉस्टल में रहने वाले छात्रों की समस्याओं के समाधान की पहल तेज कर दी गयी है।

**********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 13 हजार 500 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 80 हजार रुपये प्रति किलो है।

**********************

स्कूली शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित खेलो झारखंड के तहत हॉकी और तीरंदाजी की राज्यस्तरीय प्रतियोगिता आज से रांची में शुरु हो रही है। इससे पहले के वुशु, तैराकी और ताइक्वाडो स्पर्धा का कल समापन हो गया। वुशु और तैराकी में रांची ओवरऑल चैंपियन बना है। वहीं ताइक्वाडों में हजारीबाग की टीम ने बाजी मारी।

**********************

डिविजनल स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से आज धनबाद रेलवे ग्राउंड में क्रिकेट कैंप की शुरुआत की गई। पूर्व मध्य रेलवे के डीआरएम अखिलेश मिश्रा ने कैंप का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान उनके द्वारा जर्सी और आधिकारिक वेबसाइट का भी अनावरण किया गया। डीआरएम ने कहा कि क्रिकेट कैंप का उद्देश्य जिले के उभरते खिलाड़ियों को प्रशिक्षण और अवसर प्रदान करना है, ताकि वे खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें।

*******समाप्त***************